# ट्रक की टक्कर से सैलून कारीगर की मौत

## नोएडा से घर लौटते हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अतरासी मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सैलून कारीगर की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।



45 वर्षीय मृतक जफर सलमानी शहर के मोहल्ला इकरार नगर में रहते थे। काफी साल से वह नोएडा में रहकर एक सैलून में नौकरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी शाहजहां के अलावा दो बेटे जावेद और आमिर तथा एक बेटी रूबी है। रूबी की शादी हो चुकी है जबकि दोनों बेटे जफर सलमानी के साथ रहकर नोएडा में ही नौकरी करते हैं। यहां घर पर उनकी पत्नी शाहजहां अकेली रहती हैं। जफर सलमानी हर सप्ताह अमरोहा आते थे। बुधवार रात भी वह बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि अतरासी रोड पर पप्सरा चौकी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जफर सलमानी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भारती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक मिली मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी।

# प्रमाण पत्र चस्पा नहीं किया तो सील होगा अस्पताल

## जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सकों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी नेकिसी निजी चिकित्सा संस्था में पंजीयन प्रमाण पत्र चस्पा उपलब्ध नहीं पाये जाने पर उस चिकित्सालय पर सीलिंग की करवाई करने करने के लिए समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है।



गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा निर्देश दिये कि जनपद के प्रत्येक निजी चिकित्सा संस्था (हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी, क्लिनिक आदि) अपने मुख्य द्वार पर अपने पंजीयन प्रमाण पत्र को चस्पा करेंगे। यदि किसी निजी चिकित्सा संस्था में पंजीयन प्रमाण पत्र चस्पा और उपलब्ध नहीं पाया जाता तो उस चिकित्सालय पर सीलिंग की करवाई करने के लिए समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निर्देश दिए कि जिस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जो चिकित्सक अधिकृत हो वह सिर्फ अपने योग्यता की मरीजों का ही अल्ट्रासाउंड करेंगे तथा सेंटर पर गर्भवती महिलाओ के फॉर्म - एफ को सुरक्षित रखेंगे तथा नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण में इसका परीक्षण करेंगे। यदि इसका अनुपालन न करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित सेंटर का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाई की जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, सीएमएस डॉ ए0के0 भंडारी, जेडी अभियोजन श्री राम ध्यान राम सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# गन्ना पर्यवेक्षक व बेटे को बीच सड़क पर पीटा

## अतरासी तिराहे की घटना, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गन्ना पर्यवेक्षक को बेटे समेत अतरासी मोड पर बीच सड़क पर घेरकर दबंगों ने लात घूंसों से जमकर पीटा। हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी की मद्द से आरोपियों की खोजबीन पुलिस ने शुरू कर दी है।

थाना अमरोहा देहात में जोया रोड स्थित आशियाना कॉलोनी में भूपाल सिंह का परिवार रहता है। वह चांदपुर सोसाइटी में गन्ना पर्यवेक्षक हैं। 23 नवंबर की शाम भूपाल सिंह अपने बेटे निशांत राना के साथ खरीदारी करने के लिए शहर के लकड़ा बाजार आए थे। करीब सात बजे दोनों कार में सवार होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि अतरासी तिराहे से गुजरते में दो बाइक पर सवार पांच-छह युवकों ने कार को रोकते हुए बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर फोन कर नजदीकी मोहल्ले से अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने कार में तोडफोड़ करते हुए भूपाल सिंह व उनके बेटे निशांत राना को घेर लिया। पिता-पुत्र को बीच सड़क दौड़कर पीटा, हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। वहीं, मारपीट से राहगीरों में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों के सामने आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

## भागीरथी में पर्सनॉलिटी डवलपमेंट कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय में गुरुवार से प्रेम रावत फाउंडेशन की ओर से पांच दिवसीय पीस एजुकेशन एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यशाला की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम विश्व के 80 देशों और 40 भाषाओं में संचालित श्रृंखला का हिस्सा है। फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम रावत तीन बार वर्ल्ड गिनीज बुक रिकॉर्ड धारक रह चुके हैं। कार्यशाला में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बी.एम. पाठक ने ऑडियो-वीडियो माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मपहचान, शांति और सराहना जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया। बीच-बीच में वीडियो दिखाकर डिबेट भी कराई गई। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा सारस्वत, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. आशा, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. सुधा रानी, डॉ. कुशल रानी समेत सभी स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चचेरे देवर ने किया भाभी के साथ बलात्कार

## विरोध करने पर भाई को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** पति की गैरमौजूदगी में घर में घुसे चचेरे देवर ने भाभी के साथ बलात्कार कर दिया।अगले दिन जब पति घर पहुंचा तो पत्नी ने आपबीती सुनाई।जिसपर पति शिकायत करने चचेरे भाई के घर पहुंचा। आरोप है कि आरोपी सहित चचेरे भाईयों व भाभी ने पति की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की

मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दन कोटा का है।25 नवम्बर को महिला का पति घर से बाहर गया हुआ था आरोप है कि मंगलवार की रात में महिला को घर में अकेला देख चचेरा देवर सौरभ जबरदस्ती करके घर में घुस गया तथा डरा धमकाकर जबरन बलात्कार किया। बुधवार को पीड़ित महिला का पति घर आया तो उसने अपने साथ घटित घटना के बारे में बताया।पति शिकायत लेकर जब आरोपी के घर गया तो आरोपी सौरभ व उसके भाई गौरव व गौरव की पत्नी नीति ने उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे पति लहूलुहान हो गया तथा घटना के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आदमपुर पुलिस को घटना के बारे बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।

# ईसापुर हत्याकांड के चार को उम्रकैद

## पूर्व विधायक के घर हुई पंचायत से लौटते समय हुई थी राजीव शर्मा की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चर्चित ईसापुर सुनवारी हत्याकांड में अदालत ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाते हुए चार अभियुक्तों को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जबकि 15-15 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जमीनी और चुनावी रंजिश से जुड़े इस मामले में तीन साल से चल रही सुनवाई के बाद अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा से जेल भेज दिया।

हत्याकांड संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर सुनवारी से जुड़ा हुआ था। गांव निवासी जयदेव शर्मा 25 फरवरी 2022 को वह अपने भाई राजीव शर्मा और गांव के ही रहने वाले सोमपाल के साथ पड़ोसी भगवान शरन की बेटी प्रियंका की हत्या से जुड़े एक मुकदमे में समझौते के लिए एक पूर्व विधायक के आवास पर जुटी पंचायत में आए थे। शाम में करीब पांच बजे जयदेव शर्मा, राजीव शर्मा और सोमपाल एक ही बाइक पर सवार होकर ढबारसी से संभल जा रहे थे। रास्ते में पांडली से सिरसा रोड पर जाने वाली सड़क पर बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए राजीव शर्मा के पेट में गोली मार दी थी। इसके बाद राजीव शर्मा बाइक से उतर खेत की तरफ भागे थे तो पीछे दौड़े बदमाशों ने उन्हें घेरने के बाद कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में जयदेव शर्मा ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने उनके ही गांव के रहने वाले सोमपाल, पूर्व प्रधान पति कुंव. रपाल, विकास और विजेंद्र की गिरफ्तारी करते हुए इस हत्याकांड का खुलासा किया था। जमीनी और चुनावी रंजिश में चारों ने षड्यंत्र के तहत योजना बनाकर राजीव शर्मा की हत्या करना स्वीकार किया था। बाद में पुलिस ने चालान कर चारों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया था। फिलहाल चारों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने अंतिम सुनवाई के दौरान पत्रावली का अवलोकन कर साक्ष्यों के आधार पर सोमपाल, कुंवरपाल, विजेंद्र और विकास को दोषी करार दिया था। इसके बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। गुरुवार को अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। इसके अलावा कुंवरपाल और उसके भतीजे विकास पर आर्म्स एक्ट में पांच-पांच हजार का अतिरिक्त अर्थदंड भी लगाया। दोनों ने राजीव शर्मा पर गोली दागी थी।



■ अमरोहा। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते पूर्व एमएलसी परवेज अली।

# डिस्कस थ्रो व जैवेलिन थ्रो में आकाश ने मारी बाजी

## पूर्व एमएलसी परवेज अली ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिस्कस थ्रो व जैवेलिन थ्रो सीनियर वर्ग में आकाश जबकि बालिका वर्ग में हंसिका चौधरी प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि दौड़ में सुनील व अमित सैनी ने पहला स्थान हासिल किया।

विधानसभा अमरोहा में विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती एवं वेटलिफ्टिंग जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लो. कलेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली के पुत्र पूर्व एमएलसी श्री परवेज अली द्वारा किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित किया। कहा कि खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, शारीरिक व मानसिक विकास तथा हार-जीत को स्वीकारने की क्षमता विकसित करते हैं। बच्चों को खेल और पढ़ाई दोनों में संतुलन रखते हुए अपने परिवार, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। इस दौरान 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग में सुनील कुमार, 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अमित सैनी, 200 मीटर बालिका सीनियर वर्ग में नेहा, डिस्कस थ्रो सीनियर बालक में आक. ाश, डिस्कस थ्रो जूनियर बालक में मोहम्मद रियाजुल, डिस्कस थ्रो सब-जूनियर बालक में भविष्य, भाला फेंक जूनियर बालक में रुद्र गिल, जैवेलिन थ्रो सीनियर बालक में आकाश, भाला फेंक सब-जूनियर में चमन, डिस्कस थ्रो सब-जूनियर बालिका में हंसिका चौधरी, गोला फेंक सब-जूनियर बालिका में हंसिका चौधरी, 1500 मीटर सीनियर बालक में मोहम्मद कैफ, 1500 मीटर जूनियर बालक में निशांत, 100 मीटर सीनियर बालक में मोहम्मद उरमान प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकांत त्यागी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता संचालन में शारीरिक शिक्षक राजदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, मुनेन्द्र सिंह, साक्षी तोमर, आंचल, उमेश कुमार, पुरुजीत सिंह, जमाल अहमद एवं अमित कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीएचसी में 65 लोगों ने एंटी रैबीज लगवाए इंजेक्शन

**गजरौला।** कुत्ते और बंदर के हमलों के शिकार हो रहे लोग काफी ज्यादा संख्या में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे हैं। नगर में क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर भी कुत्ते और बंदरों का आतंक काफी बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जिस दिन कुत्ते और बंदर के हमले में कोई घायल न होता हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन काफी लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार को 80 लोगों ने इंजेक्शन लगवाए थे तो वही गुरुवार को यह संख्या 65 रही। चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध हैं।

# यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता घर में नजरबंद

## लखनऊ प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी समेत कई कार्यकर्ताओं को घर में उस समय नजरबंद कर दिया जबकि वह लखनऊ पार्टी के कार्यक्रम में जाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई।

दरअसल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला की अगवाई में गुरुवार को लखनऊ में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को वोट चोरी के मुद्दे पर ईसीआई का घेराव करना था। जिसमें शामिल होने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को लखनऊ बुलाया गया था। लिहाजा, अमरोहा जिले से भी बुधवार रात संगठन पदाधिकारी लखनऊ कूच करने की तैयारियों में जुटे थे लेकिन इससे पहले ही खुफिया विभाग का इनपुट मिलते ही अमरो. हा पुलिस चौकन्नी हो गई। हरकत में आई पुलिस ने बछरायूं में यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डा.आमिर चौधरी और अमरोहा शहर में जिलाध्यक्ष इमरान अब्बास को उनके आवास पर परवेज आरिफ टीटू, आदिल उस्मानी, अमन शर्मा व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस से खूब नोंकझोंक भी हुई लेकिन पुलिस ने किसी सूरत उन्हें घर से बाहर निकलने नहीं दिया। गुरुवार सुबह तक कांग्रेस नेताओं के घर पर पुलिस का पहरा रहा, जिसके चलते कोई भी यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ नहीं जा सका।

# अंडर-14 त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज जीती

## नैनीताल में हुई प्रतियोगिता में चमका हसनपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नैनीताल के वाईएमसीए क्रिकेट क्लब सात्ताल में आयोजित अंडर-14 त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज जीतकर लौटी हसनपुर क्रिकेट एकेडमी की विजेता टीम को बृहस्पतिवार को एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सीरीज 20 से 22 नवंबर के बीच आयोजित की गई थी। जिसमें एकेडमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। सोहरका रोड स्थित हसनपुर क्रिकेट एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवी तरुण अग्रवाल और हिमांशु अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस जीत को पूरे हसनपुर क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया और युवा खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने की सलाह दी। टीम की इस सफलता का श्रेय कोच



मयंक प्रताप सिंह के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अथक प्रयासों को भी दिया गया। जिनकी कोचिंग में टीम ने विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। सम्मान समारोह में एकेडमी के अन्य खिलाड़ी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से विजेता टीम का उत्साह बढ़ाया। एकेडमी प्रबंधन का मानना है कि यह सम्मान युवा खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

# कबूतर चोरी के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

## पुलिस से दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर मारपीट और मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित पप्पू पुत्र चरण सिंह ने पुलिस को तहरीर दे दी है। जिसमें उन्होंने अपने पड़ोसी देवकरन और उनके रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पप्पू के अनुसार बुधवार रात उनके पड़ोसी देवकरन के घर शादी थी। और उनके कुछ रिश्तेदार पप्पू की छत पर बैठे थे। इसी दौरान कथित रूप से इन लोगों ने पप्पू के पाले हुए सभी पालतू कबूतरों को चुरा लिया। शिकायत करने के लिए देवकरन के घर जाने पर पप्पू को कथित तौर पर जाति सूचक गालियां दी गईं। इसके बाद देवकरन और उनके घर वालों सहित चार लोगों ने मिलकर पप्पू के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान दबंगों ने उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया। पप्पू मारपीट में घायल हो गये। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई सुनवाई नहीं की और उन्हें घंटों थाने में बैठाये रखा। सुनवाई न होने से निराश होकर, पीड़ित ने अब उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत करने की बात कही है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुए जांच की जा रही है।

## पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ग्रुप के राष्ट्रीय संयोजक सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा ने दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सरदार मनिंजदर सिंह सिरसा को ज्ञापन सौंपकर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर गुरू तेग बहादुर रेलवे जंक्शन रखने की मांग की है। जिस पर उन्हें भरोसा दिलाया कि एक जत्था बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर इसका नामकरण करने की चेष्टा की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा श्रीमती गुरमीत कौर सरदार जगजीत सिंह शामिल रहे।

# प्रेमिका को लेकर प्रेमी हुआ रफूचक्कर

## भाई ने करायी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थान क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बक्काल से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित भाई रिंकू ने थाना सैदनगली में दी तहरीर के अनुसार, उसकी बहन 23 नवंबर की रात परिवार के साथ घर में थी, लेकिन अगले दिन सुबह करीब 4 बजे बिना बताए घर से निकल गई।

परिजनों के अनुसार, जब युवती घर पर नहीं मिली तो आसपास के रिश्तेदारों और गाँव में तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में परिजनों को शक हुआ कि युवती को गांव पहाड़पुर बक्काल निवासी मोहित पुत्र जगपाल बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित युवती के भाईने थाना सैदनगली में शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस विभिन्न स्थानों पर छानबीन कर रही है और युवती की तलाश लगातार जारी है।

# कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में किया छात्राओं का मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में करियर गाइडेंस कार्यक्रम (पंख पोर्टल) के अन्तर्गत के अन्तर्गत करियर मेले का आयोजन किया। मेले का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न शैक्षिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों की जानकारी देकर उनके उज्जवल भविष्य के प्रति मार्गदर्शन करना रहा। गुरूवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी प्रिया रानी, रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ.श्वेता अग्रवाल एवं डॉ.अजमिता ने बच्चों के द्वारा तैयार किए गए करियर हब, थीम आधारित स्टॉल का निरीक्षण किया। अतिथियों ने छात्राओं से आह्वान किया कि अपना लक्ष्य चुनकर उसी अनुरूप मेहनत करें। कॉलेज की प्रधानाचार्या नीतू सिंह ने कहा कि सही समय पर लिया गया सही निर्णय ही सफलता की कुंजी है। संचालन नोडल राघवा खानम ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी पंख डायरी बनाई और करियर कार्डस तैयार किए। इस मौके पर अनुराधा, सीमा रानी, सोनम, विजयलक्ष्मी, माधुरी सिंह आदि मौजूद रहे।

■ राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में हुआ आयोजन



## युवती को फरार करने में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** युवक बहला फुसलाकर युवती को अपने साथ ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सैदनगली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी। कि 24 नवंबर को सुबह करीब 4:00 बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी 20 वर्षीय बेटी चारपाई पर नहीं है। उसने बेटी को आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश किया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित पिता ने गांव के जयचंद पुत्र हरकेश सिंह के खिलाफ बेटी को गायब करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रातोंरात काट डाले 57 सागोन के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** वन विभाग की बिना अनुमति के सागोन के 57 पेड़ रातो रात काट दिए गए सूचना पर अगले दिन वन दरोगा मोके पर पहुँचे तो मोके पर मौजूद आरोपी भाग गए मामले की तहरीर दी दी गयी है कस्बे में पतखोई रोड पर मुनन पुत्र अबरार मोहल्ला जामा मस्जिद के खेत मे सागोन के 57 पेड़ खड़े थे जिसे उन्होंने कस्बे के ही मोहल्ला जाटव कालोनी निवासी मेरा. जुल पुत्र इरशाद ने खरीद लिए सोमबार की रात ठेकेदार वन विभाग की बिना अनुमति के सारे पेड़ काट दिए मंगलवार को सूचना पर वन दरोगा नेपाल सिंह टीम के साथ मोके पर पहुँचे तो आरोपी मोके से भाग गए वन दरोगा के अनुसार डिडौली कोतवाली में आरोपियों के खिलाप तहरीर दे दी गयी है।

## एसआईआर में भागीदारी करें लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआई आर अभियान के तहत विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का सबसे मूलभूत चरण है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। गुरूवार को विधायक ने बूथ संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232 पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाते हुए मतदाताओं को सही एवं अद्यतन जानकारी के साथ अपने-अपने फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे बीएलओ द्वारा दिए गए फॉर्म को सही जानकारी सहित समय पर जमा करें, ताकि किसी भी योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे तथा संशोधन एवं त्रुटियों का सुधार समय पर हो सके। इस अवसर पर सतपाल पाल, सुशील सिधू, विनोद कुमार, निहार त्यागी, अशोक उर्फ दिले चौधरी, डॉ.उत्तम प्रजापति, मनमोहन सेन, सचिन त्यागी, गौरव सागर, मांगेराम, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस इलेविन ने जुबिलेंट एकादश को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** संविधान दिवस पर आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में पुलिस इलेविन की टीम ने जुबिलेंट इलेविन टीम को 35 रनों की करारी शिकस्त दी। एसपी अमित कुमार आनंद मैन ऑफ द मैच रहे।

बुधवार की देर शाम जुबिलेंट के फुटबॉल मैदान में आयोजित 15

### पुलिस अधीक्षक बने मैन ऑफ द मैच

ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच में एसपी अमित कुमार आनंद के नेतृत्व वाली पुलिस इलेविन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पिच पर उतरे एसपी ने 10 रनों पर कैच आउट हो गए। एएसपी अखिलेश भदौरिया 16 रनों पर ही सिमट गए। सीओ अभिषेक कुमार मात्र दो ही रन बना सके। पूरी



**गजरौला:** मैन ऑफ द मैच बने एसपी अमित कुमार आनंद को ट्राफी प्रदान करते जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा।

टीम 67 रन बनाकर आउट हो गई।जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी जुबिलेंट इलेविन की टीम के कप्तान डॉ.सुजिंदर फोगाट दूसरी बॉल पर ही कैच आउट हो गए। पुलिस इलेविन की शानदार गेंदबा. जी एवं अच्छे क्षेत्ररक्षण के चलते जुबिलेंट की टीम 12 वें ओवर में ही मात्र 32 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच की कमेंट्री अरुण प्रताप सिंह एवं तरुण धीमान ने संयुक्त रूप से की। जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा ने एसपी को संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट की। एसपी ने जुबिलेंट द्वारा संविधान दिवस पर मैच आयोजन की प्रशंसा की। एसपी ने विजेता एवं उप विजेता टीम को स्वहस्ताक्षरित बैट भी वितरित किए, कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। आज हमारे देश के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन कर रहे हैं। जुबिलेंट में निद. ेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि अगला मैच भी शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया, गजरौला के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, पीआरओ शौकिंद्र वालियान, विशाल गौरव, वीरेंद्र सिंह नेगी, पुनीत तिवारी, अमित पांडेय,सुनील सिंह, पुनीत गुप्ता, दिलीप पांडेय आदि भी मौजूद रहे।

# बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति किया जागरुक

### फतेह सिंह कालेज में वित्तीय जागरुकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत एक आर्थिक रूप से जागरूक और सशक्त भारत के उद्देश्य से फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर लौहर्रा में गुरुवार को वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ से आए प्रशिक्षक अंकुर त्यागी ने विद्यार्थियों व स्टाफ को साइबर फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी और निवेश से जुड़े जोखिमों से बचाव के उपाय विस्तृत रूप से समझाए।



ट्रेनर ने बताया कि बढ़ती डिजिटल गतिविधियों के चलते जागरूक रहना बेहद जरूरी है। किसी भी ओटीपी, लिंक या संदिग्ध कॉल पर विश्वास न करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवव्रत ने कहा कि समाज सतर्क रहे तो अधिकांश वित्तीय अपराधों से आसानी से बचा जा सकता है। इस दौरान शिक्षक अंकित त्यागी, गौरव शर्मा, सुरभि यादव, रणवीर सिंह, नितीश कुमार, गौरव कपिल, प्रभा सैनी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वित्तीय सुरक्षा को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया।

## स्वास्थ्य कर्मी की कार में की तोड़फोड़

**गजरौला।** डयूटी करके लौट रहे स्वास्थ्यकर्मी की कार में आठ-दस लोगों ने लाठी-डंडे से तोड़फोड़ कर दी। स्वास्थ्यकर्मी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जाँच शुरू कर दी है। जनपद मुरादाबाद के थाना मैनाठेर के गांव गंगवारी लालपुर निवासी जसराम सिंह का पुत्र विक्की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गजरौला में कार्यरत है। 27 नवम्बर को शाम छह बजे वह अपनी डयूटी के बाद कार से अपने घर वापस जा रहा था, तभी चौपला के पास आठ-दस अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडो से हमला कर दिया, जिससे गाडी का फ्रंट शीशा व ड्राईविंग विंडो का हेंडल व शीशा टूट गया। स्वास्थ्यकर्मी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## उत्कृष्ठ कार्य के लिए सांसद जियार्रहमान को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** पैगाम-ए-अमन कमेटी के एक प्रति. निधि मंडल ने संभल पहुंच कर सांसद जियाउर्रहमान बर्क को मिल्लत के लिए उत्कृष्ट कार्य करने और अल्पसंख्यकों की समस्याएं संसद में जोरदार तरीके से उठाने पर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट ने किया। अध्यक्ष हाजी खुर्शीद अनवर ने कहा कि जियाउर्रहमान बर्क ने हमेशा अल्पसंख्यकों के हितों की आवाज उठाई है और उनकी समस्याओं को संसद में जोरदार तरीके से उठाया है। सांसद ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वह आगे भी अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए काम करते रहेंगे। इस दौरान हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, इकराम हुसैन जैदी, शाहरुख खान, कैफ मंसूरी व अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली** थाना अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में "यातायात माह 2025" के अंतर्गत राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गलसुआ में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। थाना अध्यक्ष विकास कुमार व उनकी टीम ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। स्कूल स्टाफ व ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सर्विस रोड पर प्रतिदिन लगता जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कस्बा मे सर्विस रोड पर प्रतिदिन अव्यवस्था होने पर साप्ताहिक बाजार वाले पुल के नीचे चारों तरफ से वाहन आने पर जाम की स्थिति बन गई है यहां पर यातायात पुलिस का कोई भी कर्मचारी ना होने पर चारों तरफ से वाहन आने पर एक दूसरा वाहन सामने से आने पर जाम लग जाता है जिससे वाहन अपनी मंजिल की ओर रेंग रेंग कर आगे की ओर बढ़ते है। जोया मे अधिक ई रिक्शा होने पर जगह जगह पर जाम की स्थिति बना देते है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम शबीना शमीम था जो मैंने अब बदलकर शबीना कर लिया है। भविष्य में मुझे शबीना नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

श्रीमति शबीना पत्नी श्री दिलशाद अहमद निवासी मौहल्ला चामुण्डा मंडी धनौरा तहसील धनौरा, जनपद अमरोहा।


# गन्ना लदे वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

### मलेशिया गन्ना मिल में में चला सड़क सुरक्षा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** यातायात माह के तहत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने मलेशिया गन्ना मिल क्षेत्र में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क हादसों को रोकने और किसानों व ट्रैक्टर चालकों में सुरक्षा चेतना जगाने के उद्देश्य से किया गया यह कार्यक्रम बेहद प्रभावी साबित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस टीम किसानों के ट्रैक्टर, ट्रालियों और कृषि कार्यों में प्रयुक्त भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा



रही थी। ट्रैक्टरों पर चमकते टेप देखते ही किसानों में उत्साह झलक उठा। अधिकारियों ने बताया कि रिफ्लेक्टर टेप रात के समय वाहन की दृश्यता को कई गुना बढ़ा देता है, जिससे टक्कर और दुर्घटना की संभावनाएं कम हो जाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण मार्गों और हाईवे पर भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। यातायात अधिकारियों ने मौके पर मौजूद किसानों व चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का नियमित उपयोग, सुरक्षित गति सीमा का पालन, ओवरलोडिंग से बचाव, शराब पीकर वाहन न चलाना, मोबाइल का उपयोग न करना जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।

# एसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा

### संदिग्धों पर नजर रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों कोतवाली तिराहा, जेएस चोराहा, अम्बेडकर चौक तथा सर्राफा बाजार में पैदल गश्त कर व्यापारियों व नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, राहगीरों से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। एसपी ने पुलिस टीम को विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने और शाम के समय बाजारों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान सीओ अभिषेक यादव, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मतदाताओं से जल्द फार्म जमा करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बूथ संख्या 94, 95 और 96 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सहित नगर पालिका स्टाफ उनके साथ मौजूद रहा। पालिका अध्यक्ष ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया और निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे अभियान में पूर्ण सहयोग की अपील की। प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यह मात्र एक फार्म नहीं, बल्कि आपका अधिकार, आपकी भागीदारी और लोकतंत्र की सशक्त आवाज है। मजबूत मतदाता सूची ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने बीएलओ से कहा घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं के फार्म एकत्र किए जाएँ, ताकि क्षेत्र में एक भी पात्र नागरिक मतदान अधिकार से वंचित न रह सके।

# धनौरा में एसआईआर अभियान दनदनाया

### रातभर जुटे, पचास प्रतिशत काम पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान तहसील में मिशन मोड में चल रहा है। आधे अभियान की रेखा पार करते हुए अब तक 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव और तहसीलदार की अगुवाई में प्रशासनिक टीम दिन-रात बिना थके अभियान को गति देने में जुटी हुई है।

तहसील परिसर में बनाए गए फीडिंग सेंटरों पर लगातार चहल-पहल बनी हुई है। अधिकारी स्वयं पहुंचकर गणना प्रपत्रों की फीडिंग की निगरानी कर रहे हैं। देर रात तक कमरे खुले रहते हैं और कंप्यूटरों की टक-टक के बीच बीएलओ व कर्मचारी अपने लक्ष्य की दिशा में जुटे दिखाई देते



हैं।एसडीएम-तहसीलदार समेत कई अधिकारी तो रात को भी तहसील में डेरा डालकर सीधे फीडिंग प्रक्रिया की समीक्षा करते हैं, ताकि कोई भी फॉर्म लंबित न रहे। इसी बीच तहसील के तीन बीएलओ ने शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर प्रशासन का मान बढ़ाया है। इनके समयबद्ध काम से न सिर्फ अभियान की रफ्तार बढ़ी है बल्कि अन्य बीएलओ के लिए भी प्रेरणादायक मिसाल बनी है। एसडीएम ने ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार बीएलओ को सम्मानित करने की घोषणा करते हुए कहा कि अच्छे कार्यकर्ता हमेशा प्रणाली की पहचान बनते हैं। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि एसआईआर अभियान सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करने का अहम माध्यम है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने गणना प्रपत्र शीघ्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपें। अब जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। कुल मिलाकर धनौरा तहसील में एसआईआर अभियान संयोजन, सतर्कता और तेज रफ्तार का अनूठा उदाहरण बनता जा रहा है, जहां प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और बीएलओ एकजुट होकर लक्ष्य पूर्ण करने में जुटे हैं।

## रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं द्वारा नगर के मोहल्ला हाशमी नगर में एसआईआर अभियान के अंतर्गत व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। छात्राओं की टीम ने मोहल्ले की गलियों में भ्रमण कर घर-घर लोगों से संपर्क किया और उन्हें आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार के महत्व से अवगत कराया। अभियान के दौरान छात्राओं ने क्षेत्रवासियों को बताया कि जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, वे नया मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें तथा अपना नाम समय से मतदाता सूची में दर्ज करवाएँ। साथ ही उन्होंने यह जानक. ारी भी दी कि जिनकेै प्त फॉर्म प्राप्त हुए हैं, वे इन फॉर्मों को शीघ्र भरकर अपने क्षेत्रीय बीएलओ को जमा करें, जिससे पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से पूर्ण हो सके।

## गणना पत्रक जमा करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी ने नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में भ्रमण करके ग्रामीणों से एसआईआर कार्य को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्रता के साथ गणना पत्रक भरकर जमा करने का आह्वान किया।

गुरूवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी ने खेड़ा अपरोला, सुल्तानपुर, जब्बारपुर, मिट्ठेपुर, सिरसा जट, मुबारकपुर, मकमूदपुर आदि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया। उन्हें समझाया कि वे अपना गणना पत्रक भरकर जल्द से जल्द जमा करें। कोई भी व्यक्ति पत्रक जमा करने में लापरवाही न बरते। किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इसके लिए संबंधित बीएलओ या किसी जागरूक व्यक्ति से मार्गदर्शन लें। शत प्रतिशत गणना पत्रक जमा कराएं।

# मलेशिया मिल के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजी भाकियू

### अगेती प्रजाति को सामान्य में खरीदने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भाकियू ने वेब शुगर मिल धनौरा पर गन्ना प्रजाति को सामान्य प्रजाति में खरीदने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रवक्ता नरेश कुमार के नेतृत्व में भाकियू असली के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा यहां प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वेब शुगर मिल धनौरा में गन्ना वैरायटी 05009 को पिछले साल अगेती में खरीदा गया था। लेकिन इस बार मिल द्वारा उक्त गन्ने को सामान्य प्रजाति में खरीदा जा रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गन्ने की वैरायटी जांच के लिए कमेटी गठित की गयी थी। जिसके बाद टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया परन्तु टीम ने किसान



नेताओं से कोई सम्पर्क नहीं किया तथा सात किसानों को शामिल दिखाकर रिपोर्ट जमा कर दी गयी। उन्होने ज्ञापन सौंप उक्त गन्ना वैरायटी को अगेती में शामिल कर कर खरीदने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में डूगर सिंह, नरेश कुमार, जसपाल सिंह, खेमपाल सिंह, शाकिर अली, सुरेश यादव, खचेडू सिंह, प्रदीप कुमार, जुल्फेकार मलिक, जनम सिंह, कपिल प्रधान, देशराज सिंह आदि शामिल रहे।

## तालाब में गिरी कार, तालाब में मछली पकड़ रहे नाविक ने बचाई युवक की जान

**पीलीभीत।** टनकपुर हाईवे पर स्थित शहर के प्रमुख गौहनिया तालाब के समीप उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में जा गिरी। हादसे के दौरान कार पूरी तरह पानी में डूब गई। इस दौरान सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्र होकर यह नजारा देखने लगी, कार के अंदर कार सवार शहर निवासी शिवम की जान खतरे में पड़ गई, लेकिन मौके पर मौजूद तालाब में मछली पकड़ रहे नाविक और एक राहगीर ने बहादुरी दिखाते हुए तालाब में कूदकर शिवम को किसी तरह बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। हादसे की सूचना मिलते ही नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सुनगढी थानाध्यक्ष नरेश त्यागी सहित भारी पुलिस और अग्निशमन बल मौके पर पहुँच गया, घायल कार चालक को इलाज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## साढे 4 करोड़ की लागत से संवरेगी विधान सभा क्षेत्र की सडकें

**पीलीभीत।** पीलीभीत 127 विधान सभा क्षेत्र में लगभग साढे 4 करोड़ की लागत से सडकों का पुनः निर्माण कराया जायेगा। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के सतत् प्रयासों से इसकी मंजूरी शासन से प्राप्त हुई है। विशेष मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा। सडकों के मरम्मत कार्य से क्षेत्र के लोगों को आवागमन से सुविधा मिलेगी और स्थानीय नागरिकों व्यापारियों एंव किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा विधान सभा क्षेत्र में जिन सडकों का पुनः निर्माण कराया जायेगा।

# बरेली में बजीं 407 शहनाईयां सामूहिक विवाह में उमड़ा जनसैलाब

■ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ियों को दिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरेली कॉलेज मैदान में हुए इस कार्यक्रम में कुल 407 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। इस सामूहिक विवाह में नगर निगम बरेली, विकासखण्ड भुता, फरीदपुर, भदपुरा, नवाबगंज, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, क्यारा, शेरगढ़ सहित नगर पालिका परिषद फरीदपुर, नवाबगंज और नगर पंचायत सेंथल, धौराटांडा, रिठौरा, ठिरिया निजावत खाँ के जोड़े शामिल हुए। कुल 407 जोड़ों में से 326 हिंदू जोड़ों का विवाह और 81 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, हरि सिंह ढिल्लो, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा बरेली सोमपाल शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना उपस्थित रहे। अधिकारियों में डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव और जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव भी मौजूद थे। सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य सभी वर्गों की निर्धन कन्याओं के विवाह को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता के माहौल में आयोजित किया जा रहा है, ताकि किसी भी परिवार की आर्थिक तंगी बेटी के विवाह की इच्छाओं को अधूरा न छोड़े।

विवाह पूरे विधि-विधान से संपन्न कराए गए। सीडीओ देवयानी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत सरकार एक जोड़े की शादी पर एक लाख रुपये खर्च करती है। इसमें कन्या के बैंक खाते में 60,000 रुपये की सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की जाती है, जिसका उद्देश्य उसके दांपत्य जीवन में खुशहाली और गृहस्थी स्थापित करने में मदद करना है।

विवाह के अवसर पर प्रत्येक जोड़े को कुल 24 प्रकार के गृहस्थी के सामान दिए गए। इन सामानों में साड़ी, पायल, बिछिया, प्रेशर कुकर, डिनर सेट, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग, प्रेस, गद्दे, तकिए, डबल बेडशीट, फेंटा/बड़ा गमछा और वर के लिए कपड़े शामिल हैं। कार्यक्रम में वर-वधू सहित उनके परिजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। इस सामूहिक विवाह समारोह में जनप्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## युवक का कमरे में छत के कुंडे से लटका मिला शव, पुलिस जुटी जांच में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव बल्लियां पश्चिमी में बुधवार देर रात एक युवक ने कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगाकर जान दे दी।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।युवक घर में अकेला था। शराब का आदि था।मौके से शराब के क्वार्टर पुलिस ने बरामद किए है।

पुलिस के मुताबिक गांव बल्लियां पश्चिमी निवासी 22 वर्षीय सुनील कुमार ने बुधवार देर रात कमरे की छत के कुंडे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। उसके पिता का आठ साल पहले निधन हो गया है। उसकी मां 15 साल पहले ही परिवार को छोड़कर चली गई है।उसका भाई पंकज लुधियाना में रहता है।उसकी वहन मामा के घर रहती है।घर में कोई परिजन नहीं होने के कारण ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार की अगुवाई में पहुंची फोर्स ने उसके शब को फांसी से उतारकर शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।कमरा अंदर से बंद नहीं था।


फील्ड यूनिट की टीम ने भी जांच पड़ताल की है। घटना स्थल से पुलिस को दो शराब क्वार्टर मिले है।

मामला संदिग्ध लग रहा है।अगर उसे फांसी ही लगानी थी।तो उसने कमरा अंदर से क्यों बंद नहीं किया।शराबी था लेकिन क्वार्टर शराब से भरे हुए मिले है।लेकिन सूचना पर लुधियाना से पहुंचा उसका भाई पंकज किसी से रंजिश होने की बात से इनकार कर रहा है।

उसने बताया सुनील कुमार भी बाहर रहता था। टॉवर पर काम करता था। वह पांच दिन पहले ही आया था।फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजं दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**एक नजर**

## बहेड़ी में तड़के अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, कई वाहन सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन ने बुधवार तड़के बड़ी कार्रवाई की। जॉइंट मजिस्ट्रेट ईशिता किशोर के नेतृत्व में सुबह 4 से 7 बजे तक बहेड़ी तहसील क्षेत्र में उत्तराखंडख्रउत्तर प्रदेश सीमा पर विशेष अभियान चलाया गया। लंबे समय से नदी किनारे बसे नारायण नगला में चल रहे अवैध खनन की शिकायतों के बाद टीम ने अचानक छापेमारी की, और मौके से एक ट्रॉली, चार डल्लभ व एक पिकअप वाहन कब्जे में लिए। वाहनों को सीज कर खनन विभाग को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु अवगत करा दिया गया है।

अभियान में तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह और लेखपाल हिमांशु गौड़ भी मौजूद रहे। तीन घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान खनन से जुड़ी गतिविधियों की गहन जांच की गई। जॉइंट जिस्ट्रेट ईशिता किशोर ने साफ कहा कि सीमा क्षेत्र में अवैध खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्रवाई निश्चित है। उनका संदेश स्पष्टख्रखनन माफिया कानून से ऊपर नहीं, आने वाले दिनों में इसी सख्ती के साथ अभियान जारी रहेगा

## भाजपा नेता विनय चौधरी ने एसआईआर के संबंध में चर्चा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** भाजपा नेता विनय चौधरी ने आज भाजपा के स्तंभ कहे जाने वाले युवा नेता भुजेंद्र गंगवार के निवास पहुंचकर एसआईआर के संबंध में चर्चा कर जानकारी हासिल की।इस अवसर पर भुजेंद गंगवार ने उन्हें समझाकर तेज गति से कार्य करवाने की हिदायत दी। श्री गंगवार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे यह सुनियोचित करें। उनके साथ यूसुफ अंसारी सहित अनेक लोग थे।

## हाफिजगंज से उमरा के लिए रवाना हुआ आस्था का कारवां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हाफिजगंज से चार लोगों का एक जत्था पवित्र उमरा की अदायगी के लिए सऊदी अरब रवाना हुआ। इस दौरान दाविर हुसैन और उनकी पत्नी मुख्तरी बेगम के साथ ही प्यारे मंसूरी अपनी पत्नी के साथ पवित्र यात्रा पर निकल गए।

रवानगी के मौके पर शहंशाह अंसारी, मोहम्मद ताहिर, प्रधान पति कलीम अंसारी, डॉक्टर जाकिर हुसैन, नायाब हुसैन, कैसर अली, शकील अहमद सहित बड़ी संख्या में शुभ चिंतक मौजूद रहे। सभी ने फूल-मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी और उनकी सुखद, सुरक्षित व खैरियत भरी यात्रा के लिए दुआएं कीं।

इस अवसर पर माहौल पूरी तरह श्रद्धा, धार्मिक उत्साह और भावनात्मक क्षणों से परिपूर्ण रहा। लोगों ने यात्रियों से पवित्र भूमि पर क्षेत्र के साथ ही देश में अमन-चैन के लिए भी दुआ करने की अपील की।

# प्रदूषण विभाग की नाकामी नेशनल हाईवे बना धुआं घर

■ धड़ल्ले से उगल रहे हैं जहरीला धुआं कोल्हू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रदूषण विभाग की टीम द्वारा तीन दिन पहले छापा मारी किए जाने के बावजूद भी नवाबगंज क्षेत्र के गांव गरगईया स्थित हाईवे किनारे चल रहे दर्जन भर से अधिक कोल्हुओं में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कोल्हु स्वामियों द्वारा गंदा कपड़ा, सड़ा-गला मोम के साथ ही टायर आदि जलाया जा रहा है, जिसके चलते जहरीला कचरा जलाकर छोटी-छोटी चिमनियों से गहरा काला धुआं फैलाया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र की हवा जहरीली हो चुकी है। यह स्थिति साफ तौर पर प्रदूषण विभाग की गंभीर नाकामी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह अवैध और प्रदूषण फैलाने का कार्य एक दर्जन से अधिक कोल्हु संचालकों द्वारा किया जा रहा है, जो प्रतिबंधित एवं हानिकारक ईंधन का इस्तेमाल कर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसी बरेली-पीलीभीत हाईवे से नवाबगंज के ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन सुबह और शाम सैकड़ों छात्र-छात्राएं स्कूल और कोचिंग के लिए गुजरते हैं। गहरे काले धुएं और जहरीली हवा के कारण बच्चों, युवाओं और राहगीरों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और सिर दर्द जैसी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। अभिभावकों में इसे लेकर भारी चिंता व्याप्त है।

लगातार अखबारों में मामला प्रकाशित होने और शासन के संज्ञान में लाए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल के बंद होने का फायदा उठाकर कोल्हु संचालक किसानों से औने-पौने दामों पर गन्ना खरीद रहे हैं, और उनकी मजबूरी का जमकर फायदा उठा रहे हैं।

### प्रदूषण विभाग बना मूक दर्शक

इस संबंध में प्रदूषण विभाग के अधिकारी सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने केवल औपचारिकता निभाते हुए दबी जुबान में कहा कि कार्रवाई की जाएगी, लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी किसी भी कोल्हु संचालक पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकी है। आज भी खुलेआम कपड़ा और मोम जलाकर काला धुआं वातावरण में घोला जा रहा है। कुछ दिनों पहले एसडीएम उदित पवार ने भी स्थल पर जाकर सारी सच्चाई अपनी आंखों से देखकर उन्हें चेतावनी दी थी, लेकिन उनकी इस चेतावनी का भी कोई असर इन कोल्हू संचालकों पर नहीं हुआ।

### हर रोज इसी मार्ग से गुजरते हैं अधिकारी

इस बरेली-पीलीभीत हाईवे मार्ग से हर रोज सैकड़ों अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन हर कोई इस जहरीले धुएं से आंख फेर कर निकल जाता है। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जहां ये कोल्हु स्थित हैं, उसी इलाके के बीचों-बीच फायर स्टेशन भी मौजूद है, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कोल्हु संचालकों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि ग्रामीणों के अनुसार वे खुलेआम कहते हैं कि हम अधिकारियों को पैसा देते हैं, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह बयान कहीं न कहीं विभागीय मिलीभगत और भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना, बीमारी या जनहानि का इंतजार कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी कोल्हु संचालकों और लापरवाह अधिकारियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मामले में प्रदूषण विभाग से बात करते हैं कि अब तक विभाग ने क्या कार्यवाही की है, प्रदूषण विभाग से जानकारी लेकर अवगत कराया जाएगा।

**उदित पवार, एसडीएम नवाबगंज**

# टांडा सादात में चल रहा अवैध पशुचिकित्सालय और मेडिकल स्टोर

■ मामले में कार्रवाई को मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने पुलिस को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव टांडा सादात में चल रहे अवैध पशुचिकित्सालय और मेडिकल स्टोर के मामले में एक ग्रामीण की शिकायत पर मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने हाफिजगंज पुलिस को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है।

क्षेत्र के गांव टांडा सादात के रहने वाले पशुपालक इनायत हुसैन ने अपने बीमार बकरे को सेंथल स्थित पशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धीरज पाल गंगवार को दिखाया था, जिसपर उन्होंने बकरे की बीमारी देखकर दवा दे दी, अगले दिन अवकाश होने की वजह से वह अपने गांव के कथित पशु चिकित्सक डॉक्टर जीलानी के यहां गया। आरोप है उन्होंने इलाज करने से साफ मना कर दिया था। कुछ दिन बाद बकरे का इंतकाल हो गया। बताया जाता है कि इसकी शिकायत उसने सेंथल के पशु चिकित्सक डॉक्टर धीरज पाल गंगवार को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। इतना ही नहीं ग्रामीण ने मुख्य पशु चिकित्सक अधिकार डॉक्टर मनमोहन पांडेय को भी शिकायत की थी, जिसपर उन्होंने सेंथल के पशु चिकित्सक अधिकारी को कार्यवाही करने के आदेश दिए थे।

जिस पर पशु चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर धीरज पाल गंगवार ने 25 नवम्बर को एक नोटिस जारी करते हुए आरोपी डॉक्टर जीलानी से तीन दिन में 6 बिंदुओं पर जबाव मांगा है।

जबाव न मिलने पर आज 27 नवम्बर को मुख्य पशुचिकित्सक अधिकारी डॉक्टर मनमोहन पांडेय ने थाना हाफिजगंज पुलिस को पत्र भेजकर आरोपी कथित पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीलानी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही किए जाने को कहा है।

## ड्यूटी पर जान गंवाने वाले शिक्षक के परिवार से मिले डीएम

■ जुड़वां बच्चों के लिए एफडी, भाई को संविदा नौकरी का आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बीएलओ ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए प्राथमिक विद्यालय परधौली, भोजीपुरा के सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार गंगवार के परिवार से मिलने मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह स्वयं उनके घर पहुंचे। शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए डीएम ने कहा कि यह दुख केवल परिवार का नहीं, पूरे जिले का है। सर्वेश जैसे ईमानदार कर्मचारी का जाना अपूरणीय क्षति है।

परिवार ने जब दिवंगत शिक्षक के जुड़वां बच्चों अहाना और अयांश को दिखाते हुए अपना दर्द व्यक्त किया, तो डीएम भी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि सर्वेश गंगवार एक जिम्मेदार शिक्षक और कर्तव्यनिष्ठ बीएलओ थे, जिन्होंने अपनी ड्यूटी का 46 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया था, इसलिए किसी अधिकारी द्वारा दबाव का मुद्दा बिल्कुल निराधार है। उन्होंने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। डीएम ने परिवार को भरोसा दिया कि जिला प्रशासन के अधिकारी एक दिन का वेतन मिलकर जमा करेंगे, जो



बच्चों के नाम फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में सुरक्षित किया जाएगा। साथ ही दिवंगत शिक्षक के छोटे भाई को संविदा नौकरी देने की कार्रवाई शुरू की जाएगी, ताकि परिवार को आर्थिक संबल मिल सके। परिवार ने डीएम के इस आश्वासन पर राहत की सांस ली और कहा कि प्रशासन ने उनकी पीड़ा को समझा, यही उनके लिए बड़ी सांत्वना है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि सर्वेश गंगवार की कार्यशैली निष्पक्ष, ईमानदार और उत्कृष्ट थी, और उन्हें हमेशा जिम्मेदार शिक्षक व कर्तव्यनिष्ठ बीएलओ के रूप में याद किया जाएगा। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनीता और एसडीएम सदर प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

## बिना गियर की कार न देने पर एडवोकेट पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** दहेज की लगातार मांग और उत्पीड़न के बीच एक और बेटी की जिंदगी छिन गई। बिना गियर की कार न देने पर नाराज दहेज लोभियों ने बीती रात एडवोकेट महजबी की गला घोटकर हत्या कर दी। घटना को छिपाने के लिए ससुराल पक्ष उसे देर रात बरेली के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की सूचना पर जब परिजन पहुंचे, तब पूरी घटना सामने आई।

जानकारी के अनुसार, थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी डॉ. हाशिम ने अपनी पुत्री महजबी एडवोकेट की शादी आठ माह पूर्व बरेली के मोहल्ला शाहाबाद, थाना प्रेम नगर निवासी तलहा, पुत्र डॉ. मेहंदी हसन से की थी। परिजनों के मुताबिक डॉ. हाशिम ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद लड़का पक्ष संतुष्ट नहीं था। ससुराल पक्ष लगातार बिना गियर की कार की मांग पर अड़ा हुआ था। इसी को लेकर पति-पत्नी में कई बार विवाद भी हुआ। महजबी के चाचा, सिविल जज असगर अली, जो हापुड़ में तैनात हैं, उन्होंने भी कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन दहेज लोभी नहीं माने। परिजनों का आरोप है कि इसी मनमुटाव के चलते बीती रात महेजबी की गला घोटकर हत्या कर दी गई। ससुराल वालों ने न तो मायके वालों को सूचना दी, न पुलिस को। उल्टा मृत महजबी को लेकर देर रात डॉ. मोहम्मद अली अंसारी के अस्पताल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही परिजन बदहवासी में बरेली पहुंचे। घर पहुंचकर देखा तो महेजबी मृत अवस्था में पड़ी थी। परिजनों ने आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बरेली के किसानों पर मेहरबान योगी सरकार भारी छूट पर मिलेंगे 1002 सोलर पंप

■ खेतों में अब सूरज की गर्मी के साथ मिलेगा सिंचाई का सहारा, रोशनी से निकलेगा पानी

■ पीएम कुसुम योजना में बरेली में लगेंगे सोलर पंप-15 दिसंबर तक मौका, लाखों की मिलेगी सब्सिडी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** योगी सरकार ने बरेली के अन्नदाता किसानों को बड़ी सौगात दी है। किसानों की समृद्धि और सिंचाई संकट को दूर करने के लिए इस बार बरेली जिले को विशेष प्राथमिकता में रखा है। पीएम कुसुम योजना के तहत जहां पूरे प्रदेश में 40,521 सोलर पंप वितरित किए जाएंगे, वहीं बरेली जनपद के लिए 1002 सोलर पंप का लक्ष्य तय किया गया है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से 15 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उपनिदेशक कृषि अमरपाल सिंह ने बताया कि यह योजना बरेली के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। जिले में जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है, उन्हें ईख्रलॉटरी के माध्यम से सोलर पंप आवंटित किए जाएंगे। आवेदन केवल कृषि विभाग की वेबसाइट पर किया जाएगा।

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत आवेदन के समय किसानों को सिर्फ 5,000 रुपये टोकन मनी जमा करनी होगी। इसके बाद मोबाइल पर बुकिंग कन्फर्मेशन आएगा।

अनुदान घटाने के बाद बची राशि किसान ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। जरूरत पड़ने पर किसान बैंक से ऋण लेकर भी किसान अंश जमा कर सकते हैं, जिस पर ।प्थ् योजना के तहत 6 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। उपनिदेशक अमरपाल सिंह के ने बताया कि बरेली में पंप आवंटन पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया से होगा। तय नियमों के अनुसार बोरिंग और जमीन सत्यापन पूरा होने पर किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

बरेली में 2 एचपी सबमर्सिबल, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल, 5 एचपी सबमर्सिबल की मांग सबसे ज्यादा है। बरेली के ब्लॉकों में भोजीपुरा, मीरगंज, फतेहगंज, सेंथल, बहेड़ी और फरीदपुर में इन पंपों की सबसे अधिक मांग देखी जा रही है। गंगापुर, बिशारतगंज और नवाबगंज क्षेत्र में भी किसान तेजी से आवेदन कर रहे हैं। सोलर पंप के लिए बोरिंग को लेकर विभाग ने नियम स्पष्ट किए हैं। इसमें 2 एचपी पंप के लिये 4 इंच बोरिंग, 3 व 5 एचपी पंप के लिये 6 इंच बोरिंग, 7.5 व 10 एचपी पंप के लिये 8 इंच बोरिंग होना चाहिये। सत्यापन के समय बोरिंग न मिलने पर टोकन मनी जब्त हो जाएगी और आवेदन निरस्त माना जाएगा।

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों को भारी छूट दे रही है कि 2 एचपी सरफेस पंप: 98,593 अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल: 1,00,215 अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल: 1,33,621 अनुदान, 5 एचपी एसी सबमर्सिबल: 1,88,038 अनुदान, 7.5-10 एचपी पंप: 2,54,983 तक का सर्वाधिक अनुदान मिलेगा। यह छूट सीधे किसानों की लागत को कम कर रही है और बिजली निर्भरता खत्म कर किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। उपनिदेशक कृषि अमरपाल सिंह ने बताया कि इस योजना से बरेली जिले में सिंचाई पर आने वाली लागत में भारी कमी आएगी। डीजल और बिजली दोनों से किसानों को राहत मिलेगी। हमारा लक्ष्य है कि जिले के अधिक से अधिक अन्नदाता सोलर पंप का लाभ लें और आत्मनिर्भर बनें।

## प्लाई फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।**बिथरी चैनपुर में प्लाईबोर्ड फैक्ट्री के गोदाम मे भीषण आग लग गयी। तीन घण्टे तक आग की लपटें उठतीं रहीं। सूचना पर पहुंची फायर पुलिस और दमकल की गाड़िया तीन घंटे बाद आग पर काबू पा सकी। तब तक काफी सामान जलकर राख हो गया। हालांकि,अभी कितना नुकसान हुआ है यह स्पष्ट नही हो सका है।

बिथरी क्षेत्र के उड़ला जागीर गांव मे प्लाई फैक्ट्री सास्ती इंटरप्राइजेज का करीब 8 साल पुराना गोदाम है। फैक्ट्री के मालिक सतीश अग्रवाल ने बताया की पांच बजे गोदाम बंद कर वहां के कर्मचारी चले गए थे । सात बजे सूचना मिली की गोदाम मे आग लग गयी। जब तक यहां पहुचे आग काफी फैल गयी थी। फायर बिग्रेड की कई गाड़िया आग बुझाने में लगी रही। जेसीबी से गोदाम की दीवार को तोड़कर वहां से पानी डालने पर आग पर तीन घंटे बाद काबू पाया जा सका। तब तक काफी माल जलकर राख हो गया था।


### सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मो. शफीक और उसकी पत्नी आसमा बी को गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त दोनों के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**नवी अहमद पुत्र अब्दुल शकूर निवासी ग्राम मवई काजियान, बहेड़ी ( बरेली )**


**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## घुसपैठियों के नाम कटने का डर जिनको, वहीं एसआईआर से घबरा रहेः सुरेश खन्ना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से आम जनता नहीं, बल्कि वही लोग घबरा रहे हैं जिन्हें लगता है कि सत्यापन के बाद घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर पूरी तरह चुनाव आयोग की प्रक्रिया है, इसमें प्रदेश सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

वित्तमंत्री गुरुवार को बरेली सर्किट हाउस पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मतदाताओं की जांच और सत्यापन निर्वाचन आयोग का काम है, और यह पारदर्शिता बढ़ाने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, वे केवल भ्रम फैला रहे हैं। सामान्य मतदाता को इससे कोई दिक्कत नहीं है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा एसआईआर की अवधि बढ़ाने की मांग पर वित्तमंत्री ने कहा कि अभी आठ दिन शेष हैं। जिसे फॉर्म भरना है, वह आराम से भर सकता है। यह बिल्कुल सरल प्रक्रिया है। स्कूलों में सामूहिक वंदे मातरम गायन के विरोध पर उन्होंने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों का प्रिय था। राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के प्रति सम्मान हमारी परंपरा है, विरोध करने वाले लोग अनावश्यक विवाद खड़ा कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल, रामपुर में वार्षिकोत्सव समारोह 2025 का भव्य आयोजन आज अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान और दीप प्रज्वलन जिला विद्यालय निरीक्षक अंजली अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसके बाद मधुर स्वागत गीत ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का अभिनंदन किया।

इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय "वसुधैव कुटुम्बकम् ख्र सम्पूर्ण विश्व एक परिवार" रहा, जिसमें वैश्विक एकता, भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक विविधता के संदेश को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने स्कूल की वार्षिक उपलब्धियों, शैक्षिक प्रगति और भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के हेड बॉय शुभम रस्तोगी ने वर्षभर में विद्यालय द्वारा स्थापित कीर्तिमानों का प्रभावशाली उल्लेख किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक रोचक ओपनिंग नरेशन से हुई, जिसमें सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आधुनिक काल तक की मानव सभ्यता का सफर दर्शाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मेलोडी ऑफ को कॉन्टिनेंट के माध्यम से विश्व संस्कृति और रिदम ऑफ इंडिया के माध्यम से भारतीय परंपराओं और विविधता में एकता को मनमोहक रूप से प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पूर्ण सिंह धर्मशक्तू ने अपने संबोधन में कहा कि "सेंट पॉल्स का रंगमंच विविध प्रतिभाओं का संगम है। बच्चों की क्षमता और ऊर्जा को पहचानकर उचित दिशा देना ही शिक्षकों का सर्वोपरि कर्तव्य है, क्योंकि एक शिक्षक ही भविष्य के नागरिकों का शिल्पकार होता है।

विद्यालय के निदेशक अरुण जोसफ दयाल ने कहा आज के बच्चे प्रतिभाओं का सागर हैं। उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें उपयुक्त मार्गदर्शन प्रदान करना ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है।

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र जो विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों में देश सेवा कर रहे हैं उनका सम्मान किया गया। इसके साथ ही स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

नन्हे मुन्हें बच्चो द्वारा प्रस्तुत ब्लेसिंग गीत ने आध्यात्मिक वातावरण बनाया, जबकि ऑर्केस्ट्रा और क्वायर की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

विद्यालय के छात्र नवीन शाह की विशेष प्रस्तुति दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम का समापन आयरिन मैरी द्वारा आभार व्यक्त करने और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह, अंजू अग्रवाल, रीना अग्रवाल, शहला जरताज, मखमूर अख्तर, सरस्वती जोशी, अकमल अली खान, मयंक अग्रवाल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सैंटा खेड़ा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क सेंटा खेड़ा में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारतीय संविधान दिवस मनाया। संविधान दिवस के मौके पर मिष्ठान वितरण भी किया गया।संगठन के मंडल प्रभारी राजेश खन्ना ने कहा बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों एवं डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा का शिलान्यास अंबेडकर पार्क सेंटा खेड़ा में 26 नवंबर 2022 को हुआ। हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। तथा बीएसपी संस्थापक मान्यवर काशीराम साहब एवं बहुजन समाज की आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती जी की विचारधारा पर चलकर भारतीय संविधान की ताकत को समझे और अपने हक अधिकारों के लिए बहुजन समाज की आवाज हम



सब मिलकर बने। तथा संविधान के प्रति सभी को जागरूक करने का संकल्प ले। तथा संविधान में जो अधिकार दिए हैं एवं संविधान एक किताब का दस्तावेज ही नहीं है हमारे अधिकारों की बात करने वाला एकमात्र हथियार है जिसको हम पढ़कर अपने अधिकारों को जान सके तथा हम अपने आप की आवाज बन सके। सभी को संविधान की एक बुक अपने घर में जरूर रखनी चाहिए जिससे हमारे आने वाली नस्ल भी संविधान के प्रति जागरूक हो सके और हम सब का दायित्व यही होना चाहिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकार के लिए संविधान के प्रति जागरूक हो सके।

संविधान दिवस के मौके पर उपस्थित राजेश खन्ना मंडल प्रभारी बिंटू कुमार, मित्र पाल सिंह, प्रमोद जाटव, रामवीर, मोहर सिंह, शीशपाल, चरण सिंह, कुलदीप, जागरण सिंह, मित्र पाल सिंह, अंकुर सागर, रिंकू गौतम, धर्मवीर सिंह, चमन सिंह, नेमपाल सिंह, जतिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध 10 दिवसीय जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति'' फेज-05 की कार्ययोजना के अनुसार ऑपरेशन मुक्ति के अन्तर्गत जनपद में बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध 10 दिवसीय जागरुकता अभियान का आयोजन तहसील बिलासपुर में किया गया। अभियान के दौरान बाल श्रम में लगे बच्चों को चिह्नित कर बाल श्रम से मुक्त कराया गया तथा दुकानदारों को बाल श्रम न कराने की हिदायत दी गई। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। अभियान में संरक्षण अधिकारी अजय मौर्य, एएचटीयू प्रभारी संजय कुमार एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की समस्त टीम मौजूद रही।

# छोटे बड़े सभी व्यापारियों का संगठन है व्यापार मंडल, व्यापारी हित एकमात्र उद्देश्यः शैलेन्द्र शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कोर कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में डूंगरपुर नवीन मंडी में फल सब्जी व्यापारी संगठन के अध्यक्ष तनवीर खां गुड्डू के संयोजन में मंडी समिति में कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिलाअध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा नगर अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खां कोषाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी हारिस शम्सी, उपाध्यक्ष बिलाल शम्सी, संगठन मंत्री मुराद खान और बड़ी संख्या में मंडी के व्यापारी मौजूद रहे। जिनकी ओर से सभी पदाधिकारियों का और मंडी सचिव मनोज सूरी का माला



पहनाकर, फूलों का गुलदस्ता देकर और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मीटिंग में मौजूद व्यापारियों को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि फल सब्जी अनाज मंडी के सभी व्यापारी साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद आपने इतनी इज्जत से नवाजा है। आप से पीढ़ियों पुराना रिश्ता है आप का हमारे ऊपर भरोसा काबिले एहतराम है और इसे हम डिगने नहीं देंगे। हमारी हर दम कोशिश है कि व्यापारी निडर होकर अपना व्यापार करें। मंडी में मिलने वाली सभी सहूलत व्यापारी को मिल रही है मंडी सचिव मनोज सूरी और उनके स्टाफ द्वारा मंडी के अंदर साफ सफाई पानी लाइट आदि की सहूलियत बहुत अच्छे से की गई है। फिर भी यदि किसी भी तरीके की कोई छोटी मोटी समस्या या कोई दिक्कत हो तो व्यापार मंडल आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा खड़ा रहा है और हमेशा खड़ा रहेगा। व्यापारी सेवा का हमारा संकल्प ष्उ. प्र.उद्योग व्यापार मंडल' के बैनर तले 53 वें वर्ष में दाखिल होने जा रहा है। ष्व्यापार मंडलष की बुनियाद ही मंडी के व्यापारियों के साथ शुरू संघर्ष से हुई है और आज व्यापार मंडल पूरे भारत के करोड़ों-करोड़ व्यापारियों के विश्वास के साथ सुदूर कोने-कोने में बैठे व्यापारियों को घने पेड़ के रूप में छाया प्रदान कर रहा है। नगर अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खां ने कहा किसी भी व्यापारी को डरने घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन आप लोग मौका परस्ती से सावधान और हो. शियार रहें। व्यापार मंडल हमेशा आपके साथ है अगर कोई भी समस्या हो तो हमें बताएं हम फौरन उसे समस्या को हल करने का काम करेंगे। व्यापार मंडल का एक-एक पदाधिकारी आपके साथ हमेशा खड़ा मिलेगा। इस अवसर पर शैलेन्द्र शर्मा, शोएब मोहम्मद खां, हारिस शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल, बिलाल शम्सी, मुराद खां, फल सब्जी संगठन के तनवीर गुड्डू, नाजिश खान, कामरान खान, फरमान खान, नंद किशोर, शेखर, सीता सैनी, धागन सिंह, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, भूरा मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बाइकों की हुई टक्कर में एक बाईक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बाइकों की टक्कर होने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला उदई निवासी हरपाल अपनी बाइक से ग्राम करीमगंज से अपने गांव को आ रहे थे।

नगला उदई मोड़ के निकट आमने-सामने बाइ. कों की भिंत हो गई जिसमें गांव के मनोज पुत्र दुर्गा प्रसाद ग्राम नगला उदई दोनों वाइको की टक्कर हो जाने से दोनों एक ही गांव के हैं।

मामला 26 नवंबर को शाम के लगभग 7रू30 बजे दोनों वाइको की भिड़ंत होने से हरपाल पुत्र इतवारी तथा मनोज पुत्र दुर्गा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले गए सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए घायल हरपाल को नगर के निजी अस्पताल में ले गए जहां पर उपचार के दौरान हरपाल ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक हरपाल के परि. जनों ने रोते हुए बताया कि हरपाल की एक छोटी बेटी भी है यह सूचना मिलने पर मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# विकास भवन में जिला सैनिक बन्धु बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में जिला सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले। कर्नल पंकज नैथानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही एवं निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश देते हुए आख्या शीघ्र उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

उन्होंने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों से यह भी आग्रह किया कि यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो वे नि:संकोच उनके कार्यालय में आकर मिलें।

बैठक के दौरान गन लाइसेंस से सम्बन्धित एक भूतपूर्व सैनिक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर तत्क्षण सम्बन्धित कार्यालय से वार्ता कर



आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सुझाव दिया गया कि समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र के साथ सम्बन्धित विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाधान शीघ्र हो सके।

बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों द्वारा अपनी विभिन्न व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त पूर्व सैनिकोंध्आश्रितों के कल्याणार्थ विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा भी की गई।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। सत्य मूर्ति तोमर, सहायक कोषाधिकारी सुभाष चन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप कार्यक्रम की कार्ययोजना के अनुसार जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अर्न्तगत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच चुनावी जागरूकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताना है ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और सही उम्मीदवार को चुनें जिससे हमारे देश का विकास हो सके। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल द्वारा विद्यालय में



अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना देकर जागरूक किया गया कि सभी अपने आस-पड़ोस के लोगों को, जिनकी आयु 18 साल पूर्ण हो चुकी है और उनका वोट बन जाए, मतदान के दिन सभी जागरूक होकर अपने मत का शत-प्रतिशत उपयोग करें। इससे ही भारत का भविष्य उज्ज्वल और विकसित हो सकता है।

इसके अतिरिक्त स्कूल के प्रधानाचार्यध्प्रधानाचार्या द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, ड्राइवरों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य, नागरिकों में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# गेहूं, चना, मटर, मसूर व सरसों के बीज पर 50 प्रतिशत का अनुदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि रबी 2025-26 हेतु गेहूं, चना, मटर, मसूर एवं राईध्सरसों का बीज जनपद रामपुर के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु समय से बीजों की बुवाई करना अतिआवश्यक है।

**30 नवम्बर तक राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज क्रय कर किसान ले सकते हैं लाभ**

उन्होंने बताया कि सभी कृषक 30 नवम्बर, 2025 से पहले जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज क्रय कर सकते है और 30 नवम्बर, 2025 के पश्चात राजकीय कृषि बीज भण्डार से क्रय किए गए बीजों पर अनुदान का लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कृषक संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से आधारकार्ड एवं खतौनी की छायाप्रति जमा करके पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर बीजों पर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# सैफनी पुरानी नगर पंचायत घर पर तहसीलदार अमित कुमार ने एस आई आर फार्मो का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर पंचायत घर पर तहस. ीलदार अमित कुमार ने पहुंचकर एस आई आर फार्मो का निरीक्षण करने पहुंचे ओर तहसीलदार ने बताया कि एस आई आर का कार्यकाल 4 दिसंबर को आखिरी तारीख है उन्होंने बताया कि फॉर्म ए किलियर माना जाता है और बी फॉर्म का मतलब पूर्ण रूप से कही तक ठीक है और फॉर्म सी पूर्ण नहीं है जिसका फॉर्म गलत भरा गया है उसको नोटिस द्वारा सूचित किया जाएगा जिसका निस्तारण तहसील द्वारा कर दिया जाएगा वहीं नगर चेयरमैन फैजान खां ने बताया कि लगभग 20 लोग हमारी तरफ से लगे हुए है जो कि लोगों को एस आई आर फॉर्म को जल्द से जल्द भरने व जमा करने को जागरूक करने व लोगो को उत्साहित करने में लगातार प्रयासरत है।

# सीओ स्वार ने नियमो के अधार पर चल रहे टैक्टर ट्रॉली चालक को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार यातायात माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विद्या सागर शुक्ल के आदेश अनुसार व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में यातायात सुरक्षा जगरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।अभियान के दौरान एक प्रेरणादायक एव सुखद .श्य उस समय देखने को मिला जब क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे क्षेत्र भ्रमण पर थे।तभी उन्होंने ने देख की गन्ने से लदी टैक्टर ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर युक्त लाल कपड़ा सलीके से बांध रखा है। क्षेत्राधिकारी ने ट्राली के चालक को रोक कर वार्ता कर उसे सम्मानित किया।

# क्षेत्राधिकारी ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**स्वार।** बुधवार को क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय एव यातयात नियमों का पालन करने हेतु विस्तृत जानक. ारी देकर जगरूक किया गया।इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओ में सुरक्षा आत्मरक्षा ओर साइबर अपराधों से बचाव एव यातायात नियमों के पालन के प्रति जगरूक करना था।क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट एव सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के सम्बंध में जगरूक किया गया। छात्र छात्राओं को सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए सड़क को किस तरह पार करे व ट्रेफिक सेंस विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया।इस दौरान लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रंस्पिल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नो पार्किंग में खड़े 21 वाहनों के कटे चालान

**पीलीभीत।** जनपद के विभिन्न मार्गो पर नो-पार्किंग एवं मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी वाहनों की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष सुनगढ़ी एवं यातायात निरीक्षक द्वारा असम चौराहे से टाइगर चौराहे तक मार्ग के किनारे खड़े पाए गए 12 वाहनों के चालान किये गए, पीलीभीत पूरनपुर मार्ग पर तीन वाहनों के चालान किए गए तथा पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 6 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकार यातायात एवं एआरटीओ द्वारा इन मार्गो के दोनों तरफ दुकान, वर्कशॉप इत्यादि संचालित कर रहे दुकान स्वामियों को चेतावनी दी गई कि अपनी दुकानों के आगे किसी प्रकार का वाहन खड़ा ना होने दें।

इश्तहार मुजरिया

**न्यायालय श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीलीभीत**

विविध प्रार्थना पत्र सं0 117 सन् 2025

1-आशा रानी आयु लगभग 31 वर्ष पत्नी स्व0 भूपेन्द्र कुमार निवासी ग्राम चाट टन्डोला परगना व तहसील व जिला पीलीभीत। 2-कुमारी साक्षी आयु लगभग 9.5 वर्ष पुत्री स्व0 भूपेन्द्र कुमार नाबालिग द्वारा वादार्थ संरक्षक एवं सगी माता प्रार्थिनी सं 1 आशा रानी। ......(प्रार्थिनीगण)

**बनाम**

1. जमुना देवी आयु लगभग 60 वर्ष पत्नी सालिकराम (दादी) निवासी ग्राम चाट, टन्डोला परगना व तहसील व जिला पीलीभीत। 2. आम जनता जिला पीलीभीत। ....(विपक्षीगण)

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि वादिनी ने उपरोक्त वाद अर्न्तगत धारा 31 गार्जियन एवं वार्डस अधिनियम इस न्यायालय हाजा में प्रस्तुत किया है न्यायालय में उक्त वाद अर्न्तगत धारा 31 गार्जियन एवं वार्डस अधिनियम दर्ज रजिस्टर किया जा चुका है जिसकी आपत्ति व निस्तारण हेतु दिनांक 24.12.2025 नियत की गयी है लिहाजा हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि किसी भी सख्श को उक्त वाद अर्न्तगत धारा 31 गार्जियन एवं वार्डस अधिनियम वावत यदि कोई उज्र हो तो वह उपरोक्त नियत दिनांक पर न्यायालय वावत 10:00 बजे दिन हाजिर होकर अपनी उज्रदारी पेश करे वरना सिविल पुनरीक्षण को एकतरफा सुन लिया जायेगा। आज तारीख 25 माह 11 सन् 2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया।

मुन्सरिम
जिला जज पीलीभीत।

# बरात लेजाने से पहले दूल्हा ने अपना एस आई आर फार्म बी एल ओ को जमा किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार पुनरीक्षण एस आई आर अभियान तहसील स्वार में उर्जा और प्रतिबद्धता के साथ संचालित है।इसी दौरान ग्राम पंचायत समोदिया निवासी जीशान पुत्र शफीक अहमद ने अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले एस आई आर का फार्म अपने बी एल ओ राजिंदर सिंह के पास जमा करने के बाद अपनी बरात ले कर गए।इस दौरान ग्राम प्रधान आरिफ अंसारी ने भी बी एल ओ का सहयोग किया।

# सांसद ने क्षेत्र का दौरा कर जाना गमगीनों का हालचाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी स्वार क्षेत्र के ग्राम कुम्हरिया परिचय लाडपुर माट खेड़ा मे इंतकाल हो जाने पर दफनों में शामिल हुए तथा महरूमों की मगफिरत की दुआ की।

माटखेड़ा क्षेत्र के ग्राम था टाह कला में सरदार सतनाम सिंह के बेटे का एक सप्ताह पहले अमेरिका में एक्सीडेंट में मौत हो गई थी जिसका शव भी अमेरिका से वापस इंडिया नहीं आया है सरदार सतनाम सिंह के घर पर भी मृतक के लिए 2 मिनट मौन धारण किया।

ग्राम टाह कला में अपने मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा के घर पर भी गए। इसके बाद सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ग्राम सकटपुरा में



सरदार पुरन सिंह व प्रताप सिंह के घरों पर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, डॉक्टर मेहदी हसन, सिंह कोटिया, कदीर कुरैशी, राम बहादुर सागर, मौलाना रफी नूरी, डॉक्टर मकतब अहमद, अरशद अली एडवोकेट, जमील सैफी, नासिर शेख, जुबेर अहमद, डॉक्टर आजम, अय्यूब हाजी, बदन सिंह यादव, नरेश यादव आदि साथ रहे।

